卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 38 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦शुक्रवार ♦14 नवम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# बिहार में लहराया भगवा

## एनडीए को 190 सीटों पर बढ़त, महागठबंधन 50 सीटों पर सिमटा



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के रुझानों में एनडीए को स्पष्ट बहुमत मिलता दिख रहा है। दोपहर दो बजे तक 199 सीटों पर एनडीए ने बढ़त बना ली थी जबकि महागठबंधन 38 सीटों पर आगे चल रहा था। भाजपा बिहार में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में बढ़त बनाती नजर आ रही है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार दोपहर 2 बजे तक के रुझानों में भाजपा 91, जदयू 70, राजद 30, लोजपा रामविलास 22 सीटों पर आगे चल रही थीं। बिहार में दो चरणों में संपन्न हुए चुनावों की मतगणना शुक्रवार सुबह आठ बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। सुबह दस बजे तक आए रुझानों में एनडीए बड़ी जीत की ओर बढ़ रही थी और जदयू के नीतीश कुमार फिर से सरकार बनाने की स्थिति में नजर आ रहे थे। वहीं, मुख्यमंत्री पद के दावेदार आरजेडी के तेजस्वी यादव का महागठबंधन पिछड़ता दिख रहा था। शुरुआती रुझानों में एनडीए 190 सीटों पर आगे चल रही थी, जबकि महागठबंधन 50 सीटों पर बढ़त बनाए हुए था। प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी को अभी तक एक भी सीट नहीं मिली, जबकि अन्य चार सीटों पर बढ़त दर्ज की गई। रुझानों में एनडीए दो–तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करता दिख रहा है, जबकि महागठबंधन पिछड़ता (शेष पृष्ठ 7 पर)

# फैक्ट्री में श्रमिक की संदिग्ध मौत, हंगामा



रूद्रपुर(उद संवादाता)। सिडकुल स्थित हेला इन्फ्रामार्केट वुड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में एक श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे फैक्ट्री में हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई । घटना से परिवार में कोहराम मचा है वहीं कर श्रमिकों में भी गहरा रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, भदईपुरा वार्ड नंबर 14 निवासी 45 वर्षीय हरिशंकर गंगवार पुत्र छविनाथ गंगवार सिडकुल के सेक्टर 9 में स्थित हेला इन्फ्रामार्केट वुड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नाईट शिफ्ट में कार्यरत था। गुरुवार रात को वह 10 बजे की शिफ्ट में ड्यूटी पर गया, लेकिन सुबह घर वापस नहीं लौटा। जब परिवार ने उसे फोन किया, तो लगातार कॉल काटे जाने की शिकायत मिली। जिसके बाद परिवार फैक्ट्री पहुँचा, जहां गार्ड ने बताया कि हरिशंकर (शेष पृष्ठ 7 पर)

# कैबिनेट मंत्री बहुगुणा के खिलाफ फूटा गुस्सा





शक्तिफार्म। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत प्रस्तावित इंटीग्रेटेड एक्वा पार्क और फिश मार्केट के लिए राजस्व विभाग द्वारा वर्ष 2022 में मत्स्य विभाग को हस्तांतरित की गई भूमि से सात परिवारों को उजाडे जाने का मामला गरमाता जा रहा है। इस मामले में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के खिलाफ ग्रामीण मुखर हो गये है। ग्रामीणों ने विरोध स्वरूप कैबिनेट मंत्री का पुतला फूंकने के साथ ही उनके खिलाफ धरना शुरू कर दिया है। बता दें ग्रामीणों के विरोध को दरकिनार करते हुए बीते दिवस विभाग ने करीब 11 एकड़ भूमि पर कब्जा ले लिया। इसके विरोध में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना दिया साथ ही कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का पुतला फूंकते हुए उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्रवाई के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव नवतेज (शेष पृष्ठ 7 पर)

# रात को सोया और सुबह मृत मिला प्रोपर्टी डीलर

रूद्रपुर। गुरूवार रात्रि घर में लौटने के बाद एक प्रोपर्टी डीलर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने जब प्रात: उसे उठाया जो वह बेसुध अवस्था में मिले।परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।बताया जाता है कि गणेशपुर नारायण पुर निवासी 22 वर्षीय शिवनारायण दूबे प्रोपर्टी डीलर का काम करता था। गुरूवार की रात्रि वह नशे में घर वापस लौटा और सो गया। प्रात: जब वह नहीं उठा तो परिजनों ने उसे उठाया लेकिन उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। जिस पर परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। अचानक हुई घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

## नाले में अधेड़ का शव मिलने से सनसनी

रूद्रपुर। गल्ला मंडी में नाले में एक अधेड़ का शव पाये जाने की सूचना मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां खड़े लोगों से आवश्यक जानकारी ली और शव को नाले से निकालकर बाहर निकाला। मृतक की शिनाख्त कर ली गई है। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी आ पहुंचे। जानकारी के अनुसार आज प्रात: गल्ला मंडी में सार्वजनिक शौचालय के पास नाले में एक व्यक्ति का शव पड़ा दिखाई (शेष पृष्ठ 7 पर)

# कहीं 'पुचकार' तो कहीं 'अत्याचार', कैसे भरोसा करें 'बंगाली परिवार'?

## इधर रुद्रपुर विधायक भाजपा को बंगाली समाज का हितैषी बता रहे, उधर भाजपा के मंत्री बहुगुणा बंगाली समाज के घरों पर बुलडोजर चलवा रहे



-अर्श-

रुद्रपुर। जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे राजनीतिक दलों ने अपने-अपने वोट बैंक को साधने की कोशिश तेज कर दी है। हाल ही में संपन्न उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र में भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान द्वारा बंगाली समाज को आहत करने वाली टिप्पणी किए जाने के बाद पूरे उत्तराखंड में, खासकर उधम सिंह नगर जिले में बंगाली समाज के हितैषियों की एक बाढ़-सी आ गई है। प्राय सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता अपने-अपने दल और स्वयं को बंगाली समाज का बड़ा हितैषी बताने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। कुछ दिन पूर्व किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा एक पत्रकार वार्ता में बंगाली समाज की उपेक्षा रेखांकित किए जाने के बाद, भारतीय जनता पार्टी एवं उसके नेताओं के लिए यह आवश्यक हो गया था कि वे अपनी पार्टी और अपने आप को बंगाली समाज का बड़ा शुभचिंतक निरूपित करते। सो, रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार से लौटते ही मीडिया से अविलंब बातचीत की और तमाम दस्तावेज दिखाते हुए भारतीय जनता पार्टी तथा उत्तराखंड के पूर्व भाजपाई मुख्यमंत्री खंडूरी, पूर्व सांसद बलराज पासी, वर्तमान सांसद अजय भट्ट एवं रुद्रपुर विधायक की हैसियत से स्वयं के द्वारा बंगाली समाज के हित में किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। मजे की बात तो यह है कि एक तरफ रुद्रपुर विधायक स्वयं एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा बंगाली समाज के हित में किए गए कार्यों को लेकर बड़े-बड़े कर रहे थे, दूसरी तरफ उधम सिंह नगर जिले सितारगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शक्ति फार्म इलाके के प्रहलाद पलसिया गांव में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के ड्रीम पार्क के निर्माण के लिए सैकड़ो बंगाली परिवार को उजाड़े जाने की कोशिश की जा रही थी और प्रभावित (शेष पृष्ठ सात पर)


॥ श्री हरि ॥ श्रद्धांजलि सभा/रस्म पगड़ी (तेरहवीं) ॥ श्री हरि ॥



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परम पूज्य पिताजी महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल जी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु चरणों में लीन हो गये हैं। उनकी आत्मिक शांति हेतु रस्म पगड़ी/श्रद्धांजलि सभा दिनांक 15-11-2025 दिन शनिवार को श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में अपरान्ह 2 बजे से 3.30 बजे तक होगी।

-: शोकाकुल परिवार :-

मनोज-वीणा अग्रवाल (भाई-भाभी)
विवेक-पूजा अग्रवाल (भाई-भाभी)
विमल-डिम्पल अग्रवाल (भाई-भाभी)
आशीष अग्रवाल (भतीजा)
श्री बालाजी मण्डल, दिनेशपुर एवं समस्त बाबा भक्त
मोबा- 9719216002,9759533003
निवेदन: कृपया इसे ही व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करें

पूनम अग्रवाल (धर्मपत्नी)
गौरव-सुरभि अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधू)
सौरभ-निधि अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधू)
प्रियंका-सुमित शर्मा (बेटी-दामाद)
सारिका-शैलेश मित्तल (बेटी-दामाद)
पायल-सर्वांश सिंघल (बेटी-दामाद)
रोहित, माधव, अनन्त (पौत्र)


# प्रशासन ने की धार्मिक स्थलों की नाप जोख

## प्रशासन की कार्रवाई से मचा हड़कम्प

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। खेड़ा बस्ती में स्थित ईदगाह और मंदिर के ढांचे की प्रशासन ने शुक्रवार को भारी लाव लस्कर के साथ नाप जोख कर सीमांकन किया। अचानक हुई इस कार्रवाई से इलाके में हडकम्प मच गया। अधिकारियों का कहना



था कि अवैध कब्जे के संदेह में कार्रवाई की गयी है। धार्मिक स्थल को जो जगह आवंटित है उसके अलावा बची हुई भूमि को सरकार के कब्जे में लिया जायेगा। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को एडीएम पंकज उपाध्याय की अगुवाई में एसडीएम मनीष पाण्डे, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, सहायक नगर (शेष पृष्ठ सात पर)


रस्म पगड़ी



बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माताजी **श्रीमती राजकुमारी डुडेजा पत्नी स्व. श्री दयाल चंद** डुडेजा का दिनांक 12.11.2025 को निधन हो गया है, उनकी आत्मिक शांति हेतु **रस्म पगड़ी दिनांक 15-11-2025 दिन शनिवार** को दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक **गुरूद्वारा दशमेश नगर आवास विकास रूद्रपुर** में सम्पन्न होगी।

शोकाकुल परिवार

राकेश डुडेजा-वीना डुडेजा (पुत्र-पुत्रवधू)
रमेश डुडेजा-रेखा डुडेजा (पुत्र-पुत्रवधू)
विपिन डुडेजा-रश्मि डुडेजा (भतीजा-पुत्रवधू)
सोनाली सुखीजा -नितिश सुखीजा (पौत्री-दामाद)
सुरभि साहनी-अंकित साहनी (पौत्री-दामाद)
मानसी नारंग -सिद्धार्थ नारंग (पौत्री-दामाद)
प्रतीक डुडेजा -साक्षी डुडेजा (पौत्र-पौत्रवधू)
आदि,अरायना(पौत्र,पौत्री)

प्रतिष्ठान: एलाईड ट्रैक्टर्स,रुद्रपुर डीजल्स, गुरू मां ज्वैलर्स रूद्रपुर, मोबा. 9897614110, 9897044406

# कमिश्नर की बड़ी कार्रवाई, फर्जी दस्तावेज रैकेट का भंडाफोड

## बनभूलपुरा में अराजनबीस व सीएससी संचालक द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करने का मामला उजागर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। तहसील में अराजनबीस द्वारा घर से व सीईएससी से फर्जी दस्तावेज के आधार पर प्रमाण पत्र तैयार करने की शिकायत प्राप्त होने पर आयुक्त कुमाऊं व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने लिया तत्काल संज्ञान। देर शाम हल्द्वानी के बनभूलपुरा निवासी अरायजनबीस (दस्तावेज लेखक) फैजान मिकरानी के घर पर पंहुचकर फर्जी दस्तावेज पकड़े। इस दौरान दूसरा सीईएससी सेंटर जो भी बनभूलपुरा में था,बंद पाया गया। इस दौरान कुमाऊं आयुक्त ने अवगत कराया कि उनके जनता दरबार में सीएससी सेंटर बनभूलपुरा में नकली दस्तावेज के आधार पर विभिन्न प्रमाण पत्र बनाए जाने की एक शिकायत बरेली निवासी रईस अहमद द्वारा की गई थी। शिकायत में बताया गया कि उनके नाम से किसी और व्यक्ति का स्थायी निवास प्रमाण पत्र तैयार कर लिया गया है। जांच में पाया गया कि यह फर्जी प्रमाण पत्र फैजान मिकरानी द्वारा बनाया गया था। इस दौरान कुमाऊँ आयुक्त ने कैम्प कार्यालय में फर्जी प्रमाण पत्र





बनाने वाले संबंधित सीएससी संचालन फैजान मिकरानी, संबंधित शिकायत कर्ता रईस अहमद तथा जिस व्यक्ति के नाम की आई डी बनाकर उपयोग किया जा रहा था( देवेन्द्र पाण्डे व उनकी पत्नी नंदी पाण्डे) तथा जलीस व रईस अहमद जिनके स्थाई निवास प्रमाण पत्र फर्जी दस्तावेज लगाकर बनाए गए थे, इन सभी को बुलाकर गहनता से पूछताछ की गई। इस दौरान पूछताछ में इन फर्जी दस्तावेज को बनाने में सरकारी विभागों के कार्मिकों की भी मिली भगत सामने आई है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में पुराने विद्युत बिल भी मिले हैं जो दस्तावेजों के तहत फर्जी रूप में लगाए गए हैं। इस पर तुरंत विद्युत विभाग के संबंधित कर्मचारी को भी बुलाकर पूछताछ की गई। इसमें संबंधित क्षेत्र के पटवारी जिनके द्वारा ऑनलाइन आवेदनों का सत्यापन किया जाता है उसकी भी जांच के निर्देश उप जिलाधिकारी हल्द्वानी को दिए। इस दौरान यह भी संज्ञान में आया कि संबंधित अराजनबीस द्वारा उनके पास आने वाले आवेदकों के दस्तावेजों के माध्यम से नकली ईमेल आई डी भी तैयार कर फर्जी रूप से विभिन्न प्रमाण पत्र बनाए जा रहे थे।इस दौरान आयुक्त को कई ऐसे दस्तावेज भी मिले जो अन्य व्यक्तियों के नाम पर थे। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि फर्जी दस्तावेज बनाते समय दूसरे व्यक्ति के मोबाइल नंबरों का भी दुरुपयोग किया गया है। इस संबंध में कुमाऊँ आयुक्त ने उप जिलाधिकारी हल्द्वानी को तत्काल मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि तहसील परिसर में अनाधिकृत बिना लाइसेंस के कोई भी अराजनबीस व पत्र लेखन का कार्य न करने पाय, यह सुनिश्चित किया जाय। इस दौरान पुलिस द्वारा संबंधितों से गहनता से पूछताछ की जा रही है।उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी को गहनता से जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। कुमाऊँ आयुक्त ने कहा कि इस प्रकरण पर कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। तथा ऐसे सारे प्रमाण पत्रों /प्रकरणों की जांच भी की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी हल्द्वानी राहुल शाह, पुलिस क्षेत्राधिकारी नितिन लोहनी, तहसीलदार कुलदीप पाण्डेय सहित अन्य मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एडीएम ने दिये दिशा निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते हुए अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने कोहरे के सीजन को देखते हुए सड़क के कटो, मोड़, डायवर्जनों पर कैटआई, साइनेज, रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। अपर जिलाधिकारी ने परिवहन, पुलिस व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण कर ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित कर सुरक्षात्मक कार्य कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ओवर स्पीड, ओवर लोडिगं, नशे में वाहन चलाने, ड्राइविंग के दौरान मोबाईल प्रयोग व भार वाहनों में यात्रियों को परिवहन करने पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु नियमित पर्वतन अभियान चलाने के निर्देश एआरटीओ, पुलिस को दिये।अपर जिलाधिकारी ने दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए सुरक्षा उपाय के साथ ही स्पीड लिमिट, साईनेज लगाने के निर्देश राष्ट्रीय राजमार्ग व लोनिवि के अधिकारियों को दिये। उन्होने सड़क मार्गों में यातायात पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले ट्रांसफार्मर, विद्युत पोल, यूनिपोल, होर्डिंग हटवाने के निर्देश सड़क महकमों व नगर निकायों को दिये। उन्होने शहरी क्षेत्रों के राष्ट्रीय राजमार्गों, नगर निकायों के सड़कों, चौराहों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करने व खराब लाईटों को शीघ्र बदलने/मरम्मत करने के निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी ने वाहन चलाते समय हेलमेट, शीटबेल्ट का इस्तेमाल करने के हेतु जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश एआरटीओ व पुलिस



विभाग को दिये। उन्होने सड़क के किनारे अतिक्रमण चिन्हि कर अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्यवही सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि सड़क के किनारे अनावश्यक वाहन खड़ा रहने से कोहरे के कारण दिखाई न देने से दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। उन्होने एआरटीओ, पुलिस विभाग के अधिकारियों को अनावश्यक रूप से सड़क के किनारे वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ निरंतर चालान की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होने पीडी एचएचएआई को निर्देश दिये कि जिला न्यायालय व सिडकुल के पास बनाये जा रहे फुट ओवर ब्रीज को माह दिसम्बर 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ताकि लोग सुरक्षित रहते हुए सड़क को पार कर सकें। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि सुरक्षित वाहन चलाये और सुरक्षित घर जायें। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने, वाहन दुर्घटना में घायल व्यक्ति की अवश्य मदद करने, दो पहिया वाहन चलाते समय अच्छी गुणवत्ता का हैलमेट का उपयोग करने तथा चौपहिया वालन चलाते समय सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करने की अपील की। उन्होने औद्योगिक इकाईयों के संचालकों से अपील करते हुए कहा कि औद्योगिक संस्थान में कार्य करने वाले मजदूरों को रात्रि में पहन कर आने-जाने हेतु रिफ्लेक्टेड जैकिट उपलब्ध कराये ताकि दुर्घटना की सम्भावना न रहे।बैठक में पीडी एनएचएआई विकास मित्तल, एसीएमओ डॉ0 एसपी सिंह, एआरटीओ रूद्रपुर मोहित कोठारी, नवीन कुमार सिंह, काशीपुर संदीप कुमार वर्मा, सहायक अभियंता लोनिवि मनोज कुमार आदि मौजूद थे एवं अधीक्षण अभियंता लोनिवि गजेन्द्र सिंह आदि सम्बन्धित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

# बिरयानी सेंटरो और ढाबों पर छापेमारी, मिली कई खामियां

रामनगर(उद संवाददाता)।गुरुवार को खाद्य विभाग की टीम ने भवानीगंज क्षेत्र में अचानक छापेमारी कर चिकन बिरयानी सेंटरो, होटल और ढाबों की जांच की। कार्रवाई के दौरान कई प्रतिष्ठानों में विभागीय नियमों की गंभीर अनदेखी और सफाई व्यवस्था में भारी लापरवाही पाई गई। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि कई बिरयानी सेंटर और होटलख्रढाबों में गंदगी फैली रहती है और कुछ प्रतिष्ठान बिना लाइसेंस के ही संचालित हो रहे हैं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विभिन्न दुकानों की जांच की। अधिकारी ने बताया कि छापेमारी में कई जगह भारी कमियां मिलीं, जिसके बाद संचालकों को साफख्रसफाई के मानक सुधारने और आवश्यक प्रपत्र निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि तय समय सीमा में प्रपत्र पूरे न होने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ सक्षम न्यायालय में वाद दायर किया जाएगा। खान ने स्पष्ट कहा कि जनता के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# यूसीसीसी से आधार हटाना उत्तराखंड विरोधी कदम

## हरीश रावत ने सरकार पर साधा निशाना,चुनाव आयोग पर भी उठाए सवाल

रामनगर। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने राज्य में लागू यूनिफॉर्म सिविल कोड से आधार की अनिवार्यता हटाने के केंद्र सरकार के फैसले को उत्तराखंड विरोधी कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्य की नागरिकता प्रणाली और नियंत्रण



व्यवस्था को कमजोर करेगा। उन्होंने बताया कि जब यूसीसी लागू किया गया था, तब आधार के आधार पर पंजीकरण को नियंत्रण व्यवस्था के रूप में रखा गया था, ताकि बाहर से आने वाले लोगों की पहचान सुनिश्चित की जा सके। अब जब यह नियंत्रण हटा दिया गया है, तो कोई भी व्यक्ति जो यूसीसी में पंजीकरण कराएगा, वह उत्तराखंड की नागरिकता का दावा कर सकता है। हरीश रावत ने इसे उत्तराखंड की मूल भावना और स्थानीय हितों के खिलाफ बताया और कहा कि आधार की बाध्यता हटाकर बाहर से आने वाले लोगों के लिए पंजीकरण के दरवाजे खोल दिए गए हैं। उनका कहना था कि इससे न केवल सामाजिक ढांचा प्रभावित होगा बल्कि राज्य की जनसंख्या संरचना पर भी असर पड़ेगा। उन्होंने लिव-इन रिलेशनशिप में पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के नाम पर किए गए बदलावों को भी चिंताजनक बताया और कहा कि यूसीसी से जुड़ी सामाजिक अनुशासन और नैतिक संतुलन की भावना अब कमजोर हो रही है। बिहार में आरजेडी नेता सुनील सिंह द्वारा चुनाव आयोग को चेतावनी देने के बाद, हरीश रावत ने कहा कि जनता के बीच गहरा अविश्वास और संदेह घर कर गया है। उन्होंने चेताया कि जब जनता का भरोसा कमजोर होता है तो लोकतंत्र के लिए यह खतरनाक है। रावत ने कहा कि सरकार और चुनाव आयोग को पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि जनता के मन में कोई संदेह न रहे। उनका कहना था कि संदेह बढ़ाना नहीं, खत्म करना उनका कर्तव्य है। जब जनता का भरोसा कमजोर होता है, तभी इस तरह की टिप्पणियाँ सामने आती हैं। हरीश रावत से जब पूछा गया कि नई टीम में उन्हें कोई जिम्मेदारी न दिए जाने का मतलब क्या है, तो उन्होंने हंसते हुए कहा कि अभी उन्होंने भगवा कपड़ा नहीं देखा है, लेकिन जब कहा जाएगा तो सिलवा लेंगे। संन्यास भी एक आदरणीय अवस्था है, पर अभी उनका काम नए लोगों को उत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस में नई पीढ़ी को आगे लाने का समय है और वे उन्हें सहयोग और मार्गदर्शन देने के लिए सक्रिय रहेंगे। उनके अनुसार राजनीति केवल पद पाने का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा और संघर्ष का रास्ता है और वे अब भी जनता के मुद्दों को उठाने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं।

# गृह मंत्री अमित शाह को भेजा ज्ञापन

## आतंकवाद समर्थकों के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की मांग

खटीमा(उद संवाददाता)।खटीमा क्षेत्र के युवाओं ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी खटीमा के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक ज्ञापन भेजकर आतंकवाद का समर्थन करने वाले सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। युवाओं ने कहा कि जब-जब देश में आतंकी घटनाएं होती हैं, तब सोशल मीडिया और फेसबुक पर कुछ लोग आतंकवादियों के समर्थन में टिप्पणी कर माहौल को बिगाड़ने और देशवासियों का मनोबल तोड़ने का प्रयास करते हैं। ऐसे तत्व देश के भीतर छिपे हुए समर्थन तंत्र की तरह काम करते हैं, जिन्हें चिन्हित करना समय की आवश्यकता है। युवाओं ने ज्ञापन में कहा कि हाल के पहलगाम आतंकी हमले और दिल्ली बम ब्लास्ट के बाद भी ऐसे लोग सक्रिय हुए, जो आतंकवादी कृत्यों को खुफिया एजेंसियों और सेना की नाकामी बताकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादी, माओवादी और नक्सलवादी विचारधारा का समर्थन करने वाले इन तत्वों का चिह्नीकरण कर इनके विरुद्ध कठोर दंड का प्रावधान होना चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई कि सरकार ऐसा सख्त कानून बनाए, जिसके तहत सोशल मीडिया पर आतंकवादी मानसिकता फैलाने वालों, लोगों को भ्रमित करने वालों और देश के खिलाफ वातावरण तैयार करने वालों को चिन्हित



कर सार्वजनिक किया जाए तथा उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए। पंजाबी महासभा के प्रदेश महासचिव मनोज वाधवा के नेतृत्व में युवाओं के इस प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि देश विरोधी गतिविधियों के लिए सोशल मीडिया का दुरुपयोग अब एक गंभीर चुनौती बन चुका है, जिसे रोकना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। ज्ञापन देने वालों में पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा, वरिष्ठ भाजपा नेता रवीश भटनागर, गुरुद्वारा सिंह सभा के उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह, गौरव पांडे, नवल वाल्मीकि, ठाकुर सुमित सिंह, सभासद विजय कुमार, दीपक बिष्ट, उत्तराखंड फ्रेंड्स कमेटी के अध्यक्ष आरिफ अंसारी, संरक्षक सलाउद्दीन अंसारी, व्यापारी प्रदीप अग्रवाल, मस्जिद कमेटी के सदर कामिल खान, वक्फ बोर्ड सदस्य इकबाल अहमद, मोहम्मद जफर, ठाकुर अमित सिंह, राकेश तिवारी, अभिषेक गुप्ता, जतिन बत्रा आदि शामिल रहे।

# भाजपा बंगाली समाज की सच्ची हितैषी: शिव अरोरा

## कांग्रेस पर लगाया भ्रम की राजनीति फैलाने का आरोप

रुद्रपुर( उद संवाददाता) ।विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर बंगाली समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके स्थानीय नेताओं द्वारा बंगाली समाज के नाम पर राजनीति की जा रही है, जबकि इतिहास गवाह है कि बंगाली समाज, जिसने सदैव हिंदू धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष किया, उसके हित में कांग्रेस ने कभी कोई सार्थक कदम नहीं उठाया। अरोरा ने कहा कि बंगाली समाज भाजपा का अभिन्न हिस्सा रहा है और उनकी वर्षों पुरानी अनुसूचित जाति दर्जे की मांग को भाजपा सरकारों ने हमेशा गंभीरता से लिया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007 में खंडूड़ी सरकार ने पंतनगर क्षेत्र में सर्वे कराकर अनुसूचित जाति दर्जे के प्रस्ताव को 2008 में तत्कालीन केंद्र सरकार को भेजा था, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने उस प्रस्ताव पर कोई कार्रवाई नहीं की। उस समय के सांसद के.सी. बाबा और विधायक तिलकराज बेहड़ भी इसे पास कराने में विफल रहे। अरोरा ने कहा कि उनके आग्रह पर 2024 में बंगाली समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की थी, जिसके बाद सरकार ने 12 फरवरी 2024 को अनुसूचित जाति दर्जे का प्रस्ताव राष्ट्रीय आयोग को भेजा। आयोग ने इसे 14 फरवरी को केंद्र सरकार को प्रेषित कर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि 1992 में सांसद बलराज पासी और बाद में सांसद अजय भट्ट ने भी संसद में यह मुद्दा उठाया, जिससे स्पष्ट है कि भाजपा और उसके नेताओं ने इस विषय को हमेशा प्राथमिकता दी है। उन्होंने किच्छा विधायक और पूर्व मंत्री पर प्रहार



करते हुए कहा कि वे किस हक से बंगाली समाज के नाम पर झूठी वाहवाही लूटने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि 20 वर्षों तक रुद्रपुर से विधायक रहने के बावजूद उन्होंने इस समाज के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया। अरोरा ने पूछा कि इतने लंबे कार्यकाल में उन्होंने बंगाली समाज के दस्तावेजों से "पूर्वी पाकिस्तान" जैसे कलंकित शब्द को हटाने का प्रयास क्यों नहीं किया। अरोरा ने कहा कि भाजपा सरकार ने उनके अनुरोध पर इस शब्द को हटाने का निर्णय लिया और आज यह ऐतिहासिक कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि बंगाली समाज की वर्षों पुरानी मांग "बंग भवन" निर्माण को भी भाजपा सरकार ने मंजूरी देकर धनराशि जारी कर दी है और जल्द ही रुद्रपुर में इसका निर्माण शुरू होगा। इसके अलावा, विधायक अरोरा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को लिखे गए उनके पत्र के आधार पर हरि चंदख्रगुरुचंद स्मृति छात्रवृत्ति को पुन: प्रारंभ किया गया है, जिसके तहत दो करोड़ रुपये की राशि बंगाली छात्रों की उच्च शिक्षा के लिए स्वीकृत की गई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उनके आग्रह पर रुद्रपुर में पहली बार विभाजन विभीषिका सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री धामी और केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने बंगाली समाज के बुजुर्गों को सम्मानित किया। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए अरोरा ने कहा कि कांग्रेस और उसके नेता बंगाली समाज का सम्मान कभी नहीं कर पाए, क्योंकि उन्हें हमेशा अपने वोट बैंक की चिंता रही। यह तुष्टिकरण की राजनीति ही है, जो आज भी भ्रम फैलाने का काम कर रही है। पत्रकार वार्ता के दौरान बंगाली महासभा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार साह, पूर्व मंडी अध्यक्ष के.के. दास, भाजपा जिला महामंत्री तरुण दत्ता, मानवेन्द्र राय, गोविंद राय, गणेश सरकार, शिवकुमार राय, मुकेश मंडल, रोबिन विश्वास, विशाल शील, बलाई विश्वास सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# म्यांमार में मानव तस्करी कर साइबर फ्रॉड कराने वाले शातिर तस्कर को किया गिरफ्तार

जसपुर/रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर कोतवाली जसपुर पुलिस ने मानव तस्करी और साइबर फ्रॉड के अंतरराष्ट्रीय खेल में शामिल एक शातिर आरोपी सुनील को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। आरोपी बेरोजगार युवकों को थाईलैंड में कंप्यूटर कार्य की नौकरी का लालच देकर उन्हें निशाना बना रहा था। आरोप है कि इसी बहाने वह युवकों को जंगल और नदी के रास्ते गैरकानूनी तरीके से म्यांमार भेज देता था, जहां उनसे जबरन साइबर फ्रॉड से जुड़ा काम कराया जाता था। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी के तार साइबर अपराध में लिप्त अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं।13 नवंबर 2025 को मोहम्मद आजम की तहरीर पर कोतवाली जसपुर में एफआईआर दर्ज की गई थी। आजम ने बताया कि उसी के मोहल्ले में रहने वाले सुनील ने उसे और उसके साथी जुनैद को थाईलैंड



में ऑफिस वर्क की नौकरी दिलाने का भरोसा देकर 70-70 हजार रुपये लिए। इसके बाद दोनों को बैंकाक भेजा गया, जहां से उन्हें जंगल और नदी के रास्ते म्यांमार ले जाया गया। वहां एक गिरोह द्वारा उन्हें बंधक बनाकर साइबर फ्रॉड से संबंधित कार्य कराया जाने लगा। दोनों युवकों ने किसी तरह वहां से भागकर थाईलैंड बॉर्डर पर पहुंचने में सफलता पाई, जहां से उनका रेस्क्यू किया गया और भारतीय दूतावास की मदद से उन्हें भारत वापस लाया गया। घटना की जानकारी मिलने पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। कोतवाली जसपुर पुलिस ने आरोपी से गहन पूछताछ की और उसे देर रात गिरफ्तार कर उसका मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया। पूछताछ में सुनील ने स्वीकार किया कि उसने जानबूझकर आजम और जुनैद के साथ धोखाधड़ी की और कपटपूर्ण तरीके से उन्हें थाईलैंड भेजकर म्यांमार में साइबर फ्रॉड कराने वाले गिरोह को सौंपा। पीड़ितों के परिवार द्वारा संपर्क करने पर आरोपी ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी तक दे डाली। पुलिस ने आरोपी सुनील, पुत्र नन्हे, निवासी मोहल्ला जूल्हान, डॉक्टर गुलाब राणा वाली गली, थाना जसपुर, को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई एसएसपी मिश्रा के अपराधियों के विरुद्ध सख्त रुख को एक बार फिर स्पष्ट करती है।इस सफलता में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर राजेंद्र सिंह डांगी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जावेद मलिक, उपनिरीक्षक विजय सिंह, उपनिरीक्षक संतोष देवरानी तथा कांस्टेबल प्रणय राठी और हेमगिरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गुरु तेग बहादुर साहिब के शहीदी पर्व पर नगर कीर्तन व गुरमत समागम का आयोजन कल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सिख धर्म के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में कल दिन शनिवार 15 नवंबर को नगर में श्रद्धा और श्रद्धालुओं के उत्साह के साथ विशाल नगर कीर्तन और गुरमत समागम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन गुरु जी की शहादत को स्मरण करने और उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। नगर कीर्तन प्रात: 11 बजे गुरुद्वारा सिंह सभा, रामलीला ग्राउंड से आरंभ होगा।



यह यात्रा ओके होटल गुरु गोबिंद सिंह चौक, रोडवेज चौराहा, तिकोनिया चौराहा, नैनीताल रोड, भोटिया पड़ाव, गोविंदपुरा तथा नानकपुरा मुख्य मार्ग होते हुए ठंडी सड़क स्थित श्री गुरु तेग बहादुर/खालसा स्कूल परिसर में संपन्न होगी। नगर कीर्तन में सजे झांकी वाहन, पंज प्यारे, बच्चें, महिला व पुरुष संगत के जत्थे सम्मिलित होंगे। संध्या समय खालसा स्कूल, ठंडी सड़क में गुरमत समागम का आयोजन होगा, जिसमें भाई साहब भाई रविंदर सिंह जी तथा भाई साहब भाई जगजीत सिंह जी बबीहा द्वारा कीर्तन दरबार संगत को निहाल किया जाएगा। कार्यक्रम के उपरांत विशाल गुरु का लंगर आयोजित किया जाएगा। सिख यूथ व समस्त सिख संगत हल्द्वानी ने शहरवासियों से इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म पिता श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी को स्मरण करने और उनकी शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया है।

# स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस द्वारा चौंकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को सीवर ट्रीटमेंट प्लांट रोड से अवैध चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील जोशी



के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा एक व्यक्ति को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता सुदीप कुमार पुत्र राधे श्याम निवासी 16 क्वार्टर टनकपुर रोड राजपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास ही कुल 10.08 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने सुदीप कुमार को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक जगवीर सिंह, का. मोहम्मद यासीन व लक्ष्मण राम शामिल थे।

# राउंड टेबल सप्ताह के तीसरे दिन लगाये 200 पौधे

रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।राउंड टेबल इंडिया सप्ताह के तीसरे दिन गुरुवार को रुद्रपुर राउंड टेबल 335 और रुद्रपुर लेडीज सर्किल 188 ने अपनी गो ग्रीन पहल के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ दोनों संगठनों के सदस्यों ने 13 नवंबर 2025 को कुल 200 पौधे रोपित किए। वृक्षारोपण कार्यक्रम के बाद सभी सदस्य बत्रा फार्म में जलपान हेतु एकत्र हुए, जहाँ आयोजन के मेजबान मितिका और वैभव बत्रा ने गर्मजोशी और उत्साह के साथ सभी का स्वागत किया। रुद्रपुर राउंड टेबल 335 और रुद्रपुर लेडीज सर्किल 188 के इस संयुक्त प्रयास में अध्यक्ष गौतम साहनी,



सचिव चिरंजीव ग्रोवर, उपाध्यक्ष आयुष गर्ग, कोषाध्यक्ष वैभव बत्रा, पूर्व अध्यक्ष रजत मित्तल, महिला अध्यक्ष जूही गांधी, उपाध्यक्ष सिल्की श्यामपुरिया, सचिव सरगम हुरिया, कोषाध्यक्ष इशिता सिब्बल, पूर्व अध्यक्ष विदुषी माहेश्वरी सहित कई सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में अमित जिंदल, ईशान गाबा, जतिन जिंदल, सिद्धार्थ अरोड़ा, हरदीप ढिल्लों, श्याम अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, अर्शदीप सिंह, विक्रम अग्रवाल, सौरभ सिब्बल, अंकुर श्यामपुरिया, आयुष अग्रवाल, अक्षत मिड्ढा, गौरव अरोड़ा, गुरजीत सिंह, राहुल गांधी, जयदीप ढिल्लों, विदुषी अग्रवाल, सरगम मिड्ढा, अदिति अरोड़ा, सागरिका अग्रवाल, मितिका बत्रा, आकांक्षा मित्तल, आकांक्षा बेदी, श्रुति अग्रवाल, नैना गर्ग, रीमा अरोड़ा और शालू जिंदल भी उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस पर बैटल ऑफ बैंड्स शो का आयोजन

पंतनगर (उद संवाददाता)। गोविंद बल्लभ पंत कृशि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत अधिश्ठाता छात्र कल्याण विभाग एवं एल्यूमिनी एल्मामेटर



एडवांसमेंट एसोसिएशन (4ए) के संयुक्त तत्वावधान में 'बैटल ऑफ बैंड्स' शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलसचिव डा. दीपा विनय द्वारा किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों की कुल आठ प्रतिभाशाली बैंड टीमों ने अपनी मनमोहक संगीत प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अतिथियों ने प्रतिभागियों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक पहचान को भी सशक्त बनाते हैं। निर्णायक मंडल में डा. भावना, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना, डा. सलिल तिवारी, कृशि महाविद्यालय तथा श्रीमती अंजना श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद प्रस्ताव डा. किरन राणा द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिश्ठाता डा. सुभाष चंद्रा, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना, सह-अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. राजीव रंजन, डा. छाया शुक्ला, डा. श्वेता राय, मुख्य संयोजक एवं सचिव डा. अनिल कुमार, छात्रावास अभिरक्षकगण, अभिरक्षिकाएँ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# दिल्ली ब्लास्ट के विरोध में आतंकवाद का पुतला फूंका

रामनगर। दिल्ली में चार दिन पूर्व हुए बम विस्फोट की घटना के विरोध में गुरुवार को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने रानीखेत रोड पर आतंकवाद का पुतला फूंक कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम प्रमोद कुमार के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा।



विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रचार प्रमुख हृदयेश शर्मा ने कहा कि दिल्ली में हुए ब्लास्ट ने देशभर में असुरक्षा की भावना बढ़ा दी है। उन्होंने मांग की कि घटना की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर कठोरतमख्रयहां तक कि फांसी की सजा दी जाए। शर्मा ने कहा कि जनता में पैदा हुई असुरक्षा की भावना को दूर करने के लिए सरकार को पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए तथा देश की सुरक्षा एजेंसियों को और सशक्त बनाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि विस्फोट के बाद पुलिस द्वारा भारी मात्रा में आरडीएक्स बरामद किया जाना कहीं न कहीं कानून व्यवस्था में कमी को दर्शाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन के कार्यकर्ता लंबे समय से ऐसी आतंकी गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं और भविष्य में भी उनका विरोध जारी रहेगा।





# मुख्यमंत्री धामी ने टनकपुर सहकारिता मेला का किया शुभारंभ

## चंपावत को दी 88.11 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

टनकपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को टनकपुर पहुंचे, जहाँ उन्होंने 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025' के उपलक्ष्य में सहकारिता विभाग उत्तराखंड द्वारा आयोजित "सहकारिता मेला" का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान, टनकपुर में फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया और विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक व्यवस्था नहीं, बल्कि आपसी सहयोग, सामाजिक समरसता और सामूहिक विकास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन राज्य की आर्थिक प्रगति की रीढ़ है, जिससे किसान, युवा और महिलाएँ आत्मनिर्भर बन सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सहकारिता की भावना को ग्राम्य जीवन से लेकर शहरी समाज तक पहुँचाने की दिशा में अत्यंत सराहनीय पहल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सहकारिता विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के कृषकों को





प्रोत्साहन स्वरूप चार कास्तकारों को प्रत्येक को घ1-1 लाख के चेक वितरित किए। दूधारू पशु पालन हेतु यह प्रोत्साहन राशि श्री पान सिंह, श्री किशन सिंह, श्री संदीप सिंह सहित चार लाभार्थियों को प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आगे बढ़कर अन्य किसानों के लिए उदाहरण बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री धामी ने जनपद चंपावत को 8810.90 लाख (लगभग 88.11 करोड़) की कुल 08 विकास योजनाओं की सौगात दी-जिनमें 03 योजनाओं का लोकार्पण और 05 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। जिनमें . नायकगोठ-हनुमानगढ़ी मोटर मार्ग पर आर्च मोटर सेतु (1377.14 लाख),विधानसभा क्षेत्र चंपावत के ग्राम नायकगोठ से हनुमानगढ़ी खेतखेड़ा थ्वालखेड़ा मोटर मार्ग पर निर्मित 125 मीटर स्पान आर्च मोटर सेतु का लोकार्पण किया गया, जिससे स्थानीय संपर्कता को नया बल मिलेगा। चंपावत के आंतरिक संपर्क मार्गों का हॉट मिक्स द्वारा सुधार (992.12 लाख) प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा चंपावत के आंतरिक मार्गों को सुदृढ़ करने का कार्य पूर्ण किया गया, कलेक्ट्रेट भवन का कुमाऊँनी शैली में पुनर्निर्माण (109. 30 लाख),ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा पारंपरिक स्थापत्य शैली में कलेक्ट्रेट भवन का पुनर्निर्माण कर आधुनिक सुविधाओं से युक्त लोकार्पण,तहसील कार्यालय चंपावत भवन का निर्माण, उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, लोहाघाट द्वारा प्रस्तावित इस भवन से प्रशासनिक कार्यक्षमता को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि "इन परियोजनाओं से चंपावत के समग्र और संतुलित विकास को नई दिशा मिलेगी। इससे ग्रामीण आजीविका सशक्त होगी, क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विपिन कुमार, ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, भाजपा प्रदेश महामंत्री निर्मल महरा, जिला महामंत्री मुकेश कलखुड़िया, श्री प्रकाश तिवारी, दीपक रजवार, पूरन महरा, हिमेश कलखुड़िया, शिवराज कठायत, गुंजन सुखेजा, सतीश पांडे, पुष्पा विश्वकर्मा, श्री केदार बृजवाल, विकास शाह सहित जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, मंगला त्रिपाठी संयुक्त निदेशक सहकारिता विभाग साहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# चंपावत बनेगा संतुलित विकास का 'मॉडल जिला': धामी

चंपावत (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को टनकपुर में आयोजित सहकारिता मेले के अवसर पर 'आदर्श चम्पावत' लोगो का विधिवत विमोचन किया। यह लोगो मुख्यमंत्री श्री धामी की दूरदृष्टि और परिकल्पना पर आधारित है, जिसके माध्यम से चंपावत को शासन, विकास, जनसहभागिता और पर्यावरणीय संतुलन का 'मॉडल जिला' बनाने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाया जा रहा है। ऐतिहासिक मंदिर का प्रतीक- लोगो के केंद्र में दर्शाया गया मंदिर चंपावत की प्राचीन सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का प्रतीक है। यह संदेश देता है कि विकास की यात्रा में हमारी आस्था, परंपरा और गौरवशाली इतिहास सदैव मूल आधार रहेंगे। हरियाली और पर्वतीय पृष्ठभूमि-लोगो में दर्शाई गई हरियाली और पर्वतीय आभा इस क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यावरणीय समृद्धि को दर्शाती है। यह संकेत देती है कि "आदर्श चंपावत" का विकास सतत, पर्यावरण-सम्मत और प्रकृति-संरक्षण आधारित होगा। गियर (यांत्रिक पहिए)- गियर जिले में बढ़ते औद्योगिक और तकनीकी नवाचार का प्रतीक हैं। यह इंगित करता है कि सरकार का उद्देश्य केवल पारंपरिक विकास नहीं, बल्कि रोजगार, स्टार्टअप, उद्यमिता और तकनीकी प्रगति को भी प्रोत्साहित करना है। नदी में राफ्टिंग करते युवा-यह दृश्य एडवेंचर टूरिज्म, युवा सशक्तिकरण और खेल भावना का प्रतीक है। यह मुख्यमंत्री श्री धामी की



उस सोच को दर्शाता है, जिसमें युवा शक्ति को विकास की मुख्यधारा में जोड़कर आत्मनिर्भर चंपावत के निर्माण की परिकल्पना की गई है। दोनों ओर खिले पुष्प-ये पुष्प सौंदर्य, शांति, संतुलन और सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। यह इंगित करते हैं कि विकास तभी "आदर्श" कहलाएगा जब वह संवेदनशील, समावेशी और मानवीय मूल्यों पर आधारित होगा। चारों ओर अंकित ऐपन कला-लोगो की परिधि में दर्शाई गई ऐपन कला चंपावत की समृद्ध लोकसंस्कृति और पारंपरिक हस्तशिल्प की पहचान है। यह दर्शाती है कि "आदर्श चंपावत" की आत्मा उसकी सांस्कृतिक जड़ों और लोककला की जीवंतता में निहित है। "आदर्श चंपावत" का लोगो माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी की परिकल्पना, दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता का सजीव प्रतीक है। यह उस संतुलित विकास मॉडल का प्रतिनिधित्व करता है, जहाँ संस्कृति की जड़ें मजबूत हैं, प्रकृति की हरियाली संरक्षित है, तकनीक की प्रगति सतत है, और युवाओं की ऊर्जा विकास की आधारशिला है। यही चार स्तंभ मिलकर "आदर्श चंपावत" को उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल जिला बनाने की दिशा में अग्रसर कर रहे हैं।

# प्राकृतिक चिकित्सा का वैश्विक केंद्र बनाना हमारा लक्ष्यः सीएम

नैनीताल/देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को नैनीताल जिले के भुजियाघाट स्थित काया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन PGICON-2025 का शुभारंभ किया। पाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, हल्द्वानी द्वारा डब्लूएचओ कोलेबोरेटिंग सेंटर फॉर इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर, JPNATC एम्स नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित इस तीन दिवसीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की प्राचीन चिकित्सा प्रणाली आयुर्वेद केवल उपचार की पद्धति नहीं, बल्कि निरोगी और संतुलित जीवन का दर्शन है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने स्वास्थ्य को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन की अवस्था बताया था, और यही आयुर्वेद का मूल उद्देश्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में आयुष मंत्रालय की स्थापना के बाद से आयुर्वेद को नई वैश्विक पहचान मिली है।



Happy Children's day
Mr. Tarun kumar
ICON SCHOOL
Branches Dev homes,adarsh colony
Rudrapur,Udham shing nagar Mob.: 7078609994



उत्तराखंड सरकार भी इसी दिशा में राज्य को Global Centre of Ayurveda and Wellness के रूप में विकसित करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड सदैव से योग, औषधियों और जड़ी-बूटियों की भूमि रही है। यहां की पर्वतीय वनस्पतियों ने आयुर्वेद को मजबूत आधार प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य राज्य को वेलनेस टूरिज्म और प्राकृतिक चिकित्सा का प्रमुख केंद्र बनाना है। इसके लिए आयुर्वेदिक कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों और योग ग्रामों को सशक्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर यह घोषणा भी की कि राज्य में दो इकोनामिक स्प्रिच्वल जोन एक गढ़वाल मंडल में और एक कुमाऊँ मंडल में स्थापित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों के माध्यम से योग, आयुर्वेद, ध्यान, आध्यात्मिक पर्यटन और पारंपरिक चिकित्सा से जुड़े उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। सांसद श्री अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा आयुर्वेद और आयुष के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं, जिससे यह चिकित्सा प्रणाली न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो रही है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद हमारी सांस्कृतिक धरोहर है और इसे जन-जन तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। विधायक श्री बंशीधर भगत ने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय जीवन पद्धति और ज्ञान परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि उत्तराखंड जैसी औषधीय संपदा से परिपूर्ण भूमि में ऐसे सम्मेलन आयोजित हो रहे हैं, जो युवाओं और शोधकर्ताओं को आयुर्वेद के अध्ययन और अनुसंधान के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में विधायक नैनीताल श्रीमती सरिता आर्या, विधायक भीमताल श्री राम सिंह कैड़ा, मंडी परिषद अध्यक्ष श्री अनिल कपूर (डब्बू), दर्जा राज्य मंत्री श्री शंकर कोरंगा, नवीन वर्मा, आयुक्त कुमाऊँ दीपक रावत, आईजी कुमाऊँ श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल मंजूनाथ टी. सी. सहित पाल ग्रुप के प्रतिनिधि अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम ने जिपं अध्यक्ष मौर्या के परिवार को बंधाया ढांढस

## रंजना मौर्य के निधन पर जताया शोक, परिवार से मिलकर भावुक हुए सीएम धामी





खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खटीमा के ग्राम बण्डिया खुदागंज पहुँचे, जहाँ उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य के आवास पर पहुँचकर उनकी पत्नी रंजना मौर्य के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने इस कठिन समय में श्री मौर्य व उनकी माताजी एवं उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएँ प्रकट करते हुए उन्हें सांत्वना दी और कहा कि पूरे प्रदेश की संवेदनाएँ इस दु:ख की घड़ी में उनके साथ हैं। मुख्यमंत्री श्री धामी ने श्री मौर्य की पत्नी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि परिवार के किसी सदस्य का खोना अत्यंत पीड़ादायक होता है, किंतु हमें विश्वास रखना चाहिए कि उनकी स्मृतियाँ और उनके संस्कार सदैव परिवार के मार्गदर्शन का आधार बने रहेंगे। मुख्यमंत्री ने मौर्य परिवार को भरोसा दिलाया कि सरकार इस दु:ख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है। इस अवसर पर रूद्रपुर विधायक शिव अरोरा, काशीपुर मेयर दीपक बाली, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल व पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिंघल, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी चम्पावत एके गणपति, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण जय किशन, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी थे।

## एसएसपी ने किया निर्माणाधीन कोतवाली एवं चौकी का निरीक्षण




हल्द्वानी। डॉ0 मंजूनाथ टीसी एसएसपी द्वारा निर्माणाधीन थाना बनभूलपुरा एवं मल्ला काठगोदाम चौकी में जाकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। कोतवाली एवं चौकी के प्रशासनिक भवनों के निर्माण के सभी पहलुओं को चेक किया गया।मटेरियल क्वालिटी, मानचित्र का अवलोकन करते हुए संबंधित कार्यदाई संस्थाओं के प्रतिनिधि और थाना प्रभारियों को सभी सुरक्षा मापदंडों का पालन करते हुए निर्माण कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिए गए। स्थलीय निरीक्षण के दौरान रेवाधर मठपाल एसपी संचार, हरकेश सिंह प्रतिसार निरीक्षक, सुशील चंद्र जोशी प्रभारी थाना बनभूलपुरा, विमल कुमार मिश्रा थानाध्यक्ष काठगोदाम, जय पाण्डे, सहायक अभियन्ता अस्थाई निर्माण इकाई (मु0), प्रधान कार्यालय, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून, अरविन्द चमोली, वर्क सुपरवाईजर अस्थाई निर्माण इकाई (मु0), प्रधान कार्यालय, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, देहरादून, हेम चंद्र सती प्रधान लिपिक, श्रीमती दीपा भवन लिपिक, श्रीमती हेमा ऐठानी पीआरओ समेत कार्यदाई संस्थाओं के अन्य सदस्य और पुलिस कर्मी रहे।

## शहीदों की याद में गुरमत समागम आयोजित



गदरपुर(उद संवाददाता)। देश धर्म की खातिर जान न्यौछावर करने वाले समूह शहीद सिंघों की याद को समर्पित गुरमत समागम में शहीद बाबा दीप सिंह, शहीद भाई मनी सिंह एवं शहीद भाई तारु सिंह सहित अन्य शहीदों की कुर्बानियों को याद करके उन्हें नमन किया गया। गुरुद्वारा शहीद सिंघ साहिब अंबा वाला फॉर्म मड़ैया हट्टू तहसील बाजपुर में सचखंड वासी बाबा गुरबचन सिंह एवं सचखंड वासी बाबा दया सिंह की प्रेरणा से आयोजित किये जा रहे शहीदी समागम मैं वक्ताओं ने संगत को गुरु वाले बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग के उपरांत रागी भाई अमरजीत सिंह बाजपुर द्वारा गुरबाणी का कीर्तन किया गया, तत्पश्चात कविश्री भाई दलजीत सिंह सितारगंज वालों द्वारा शहीदों की याद में कविता के माध्यम से विचार प्रकट किए गए। फरीद कोट पंजाब से आए ढाढी भाई गुरभेज सिंह द्वारा शहीद भाई मनी सिंह की शहादत का ढाढ़ी वारों के माध्यम से वर्णन किया गया। कार्यक्रम आयोजक दिलबाग सिंह ढिल्लों ने बताया कि बापू तारा सिंह एवं माता भगवान कौर द्वारा प्रेरणा देकर उक्त कार्यक्रम को 27 वर्ष पूर्व आरंभ करवाया गया था जो कि हर वर्ष लगातार जारी है।










# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## टीबी के उन्मूलन का लक्ष्य

दुनिया भर में तपेदिक या टीबी के उन्मूलन का लक्ष्य हासिल करना दशकों से एक जटिल चुनौती है। समय–समय पर इस बीमारी से संबंधित नए तथ्य और इलाज को लेकर जिस तरह के आंकड़े और ब्योरे सामने आते रहे हैं, वे इस रोग से उपजी व्यापक समस्या से पार पाने की दिशा में एक निरंतरता का बयान तो करते हैं, लेकिन तपेदिक को पूरी तरह खत्म कर पाना अब तक संभव नहीं हो पाया है। भारत में इस रोग से प्रभावित वर्गों की जीवन–स्थितियां और उनके जितने स्तर रहे हैं, उसमें अनुकूल नतीजे तक पहुंचना थोड़ा और जटिल हो जाता है। मगर अब इस दिशा में एक राहत देने वाली खबर आई है कि भारत में टीबी के मामलों में तेजी से गिरावट आ रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक तपेदिक (टीबी) रपट, 2025 के मुताबिक भारत में हर वर्ष टीबी के नए मामलों में इक्कीस फीसद तक की कमी आई है। 2015 में प्रत्येक एक लाख की आबादी पर यह संख्या जहां दो सौ सैंतीस थी, वहीं वर्ष 2024 में घट कर प्रति लाख जनसंख्या पर एक सौ सत्तीस हो गई। जाहिर है, टीबी के नए मामलों में इतनी कमी इस रोग को देश से पूरी तरह खत्म करने के लिए काफी नहीं है, लेकिन बीते कुछ वर्षों के दौरान इस गिरावट को काफी अहम माना जा सकता है। इसी क्रम में सरकार ने भी इस वर्ष के अंत तक टीबी को देश से पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य रखा है। मगर अब भी इस रोग के प्रभाव क्षेत्र और जड़ों की जो वास्तविक तस्वीर है, उसमें इसके पूरी तरह उन्मूलन के लिए और ज्यादा ठोस कदम उठाने की जरूरत लगती है। दरअसल, नए मामलों में तेजी से गिरावट निश्चित रूप से एक उम्मीद पैदा करती है, लेकिन अब भी टीबी की वजह से होने वाली मौतों को कम करने का लक्ष्य काफी दूर है। पिछले वर्ष सरकार ने संसद में बताया था कि सन 2023 में देश में टीबी से पचासी हजार लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि सरकार का कहना है कि नई तकनीकों के ज्यादा से ज्यादा उपयोग, सेवाओं को निचले स्तर तक पहुंचाना और बड़े पैमाने पर इस रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने की वजह से टीबी के उपचार के दायरे में काफी विस्तार होगा और इससे इस रोग को खत्म करने में मदद मिलेगी। सवाल है कि इस आशावाद के समांतर सरकार क्या जमीनी स्तर पर तपेदिक की मार से प्रभावित वर्गों तक दवाओं और उपचार की पहुंच सुनिश्चित कर पा रही है, ताकि टीबी उन्मूलन का उद्देश्य समय पर हासिल किया जा सके। यह छिपा नहीं है कि टीबी उन्मूलन के मकसद के साथ जद्दोजहद करते देश में जमीनी स्तर पर चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों और कार्यकर्ताओं की काफी कमी है। तपेदिक के कई मरीज इस आर्थिक हालत में होते हैं कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में अभाव की स्थिति में अगर उन्हें दवा बाहर से लेनी पड़े तो वे खुद को लाचार पाते हैं। ऐसे तमाम लोग हैं, जिनकी रिहाइश रोशनी, साफ पानी और हवा की उपलब्धता से वंचित है तथा वे पोषक तत्त्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ के अभाव से भी दो–चार हैं। ऐसे में तपेदिक जैसा रोग तेजी से अपने पांव फैलाता है। मगर इस बीमारी को खत्म करने के मकसद से किए जा रहे प्रयास के अगर सकारात्मक नतीजे सामने आ रहे हैं, तो यह अच्छा है। जरूरत इस बात की है कि तपेदिक के समूचे देश से उन्मूलन को लेकर एक ठोस कार्ययोजना पर काम हो और अपेक्षित नतीजे हासिल किए जाएं।

# सामाजिक संगठन भवानी सेना का सर्वसम्मति से गठन

## सोनू गुप्ता चुने गये नगर सेनापति, 5000 युवाओं को संगठन से जोड़ने का रखा लक्ष्य

किच्छा(उद संवाददाता)। सामाजिक संगठन भवानी सेना के स्थापना दिवस के अवसर पर तमाम युवाओं द्वारा हवन यज्ञ करते हुए शस्त्र पूजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में पंडित अनिल शर्मा द्वारा विधि विधान से हवन यज्ञ कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से संगठन की मजबूती एवं विस्तार के लिए भवानी सेना का गठन कर सामाजिक कार्यकर्ता संख्या में भवानी सेना की सदस्यता ग्रहण करने का आह्वान करते हुए बताया कि आगामी तीन माह में 5000 से अधिक लोगों को भवानी सेना संगठन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस स्तर से तमाम स्वास्थ्य उपकरण दिए जाने की भी घोषणा की। प्रस्ताव का सभी लोगों ने समर्थन करते हुए स्वागत किया और आगामी बैठक में आगे की रणनीति बनाने का निर्णय लिया गया।





में किच्छा विधानसभा अंतर्गत तमाम क्षेत्रों से आए दर्जनों युवाओं ने शिरकत की और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। नगर के बाईपास स्थित युवा समाजसेवी संजीव कुमार सिंह के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भवानी सेना का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम सोनू गुप्ता को संगठन का नगर सेनापति चुना गया। नवनियुक्त सेनापति सोनू गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भवानी सेना एक सामाजिक संगठन है, जिसके माध्यम से समाज सेवा, राष्ट्रीय सेवा एवं मानव कल्याण के निस्वार्थ भाव से कार्य किए जाएंगे। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अमित गुप्ता ने नगर क्षेत्र में एक निशुल्क अस्पताल शुरू करने का प्रस्ताव रखा तथा अस्पताल के माध्यम से वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा समाज सेवा के उद्देश्य से गरीब एवं निधन लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएगी। डॉ गुप्ता ने अस्पताल में अपने बैठक में समाजसेवी संजीव कुमार सिंह, विशाल दुआ, राजकुमार कोहली, अमित अरोड़ा, वीरेंद्र राठौर, योगेंद्र कुमार, अर्जुन सिंह, वंश वर्मा, सुभाष कोहली, संजय शर्मा, आशीष राठौर, रोहिताश चौबे, अशोक गंगवार, राजा ठाकुर, गुरमीत सिंह, पीयूष गंगवार, सुमित कश्यप, रोहन अरोड़ा, पप्पू कोहली आदि मौजूद रहे।

# फर्जी दस्तावेज बनाने वालों के खिलाफ सख्त हो करवाई : सीएम

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसेवा केंद्रों के जरिए बन रहे फर्जी प्रमाण पत्रों की खबरों का संज्ञान लेते हुए कड़े निर्देश जारी किए है। सीएम धामी ने कहा है कि फर्जी दस्तावेज बनाने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाए।सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार,नैनीताल, उधम सिंह नगर और देहरादून जिले में इस तरह के मामले संज्ञान में आने पर प्रशासन से कड़ा रुख अपनाने के लिए गृह सचिव शैलेश बगौली को निर्देश दिए है। नैनीताल जिले के हल्द्वानी बनभूलपुरा क्षेत्र में बीती शाम कुमायूं आयुक्त ने छापा मार कर एक जनसेवा केंद्र से फर्जी स्थाई निवास प्रमाण पत्र बनाने का मामला रंगे हाथ पकड़ा था इसमें फैजान मिकरानी नाम के जनसेवा केंद्र संचालक की भूमिका को सही पाया गया जिसके खिलाफ पुलिस में तहसीलदार की तरफ से तहरीर भी दी गई है।इस प्रकरण में डीएम नैनीताल ललित मोहन रयाल ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए उक्त जनसेवा केंद्र और अर्जिनविस द्वारा बनाए गए पिछले सभी दस्तावेजों की जांच पड़ताल करने के निर्देश हल्द्वानी एसडीएम को दे दिए है।डीएम श्री रयाल के अनुसार बनभूलपुरा क्षेत्र के अलावा अन्य सभी जनसेवा केंद्रों की भी जांच पड़ताल की जाएगी।उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड में डेमोग्राफी चेंज की समस्या सामने आई है,यूपी के मुस्लिम यहां के जनसेवा केंद्रों के रैकेट के जरिए स्थाई निवास प्रमाण पत्र बनवा रहे है। ऐसे मामले उधम सिंह नगर और हरिद्वार जिले में पहले आ चुके है जबकि देहरादून में परिवार रजिस्टरों के जरिए दस्तावेजों में हेर फेर करके निवासी प्रमाण पत्र बनाए जाने के मामले प्रकाश में आये है। जिस पर अब धामी सरकार ने गंभीर रुख अपनाया है।

# सीएम धामी ने अपने आवास पर सुनी लोगों की समस्याएं

खटीमा(उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने खटीमा भ्रमण के दूसरे दिन शुक्रवार को अपने आवास नगला तराई व हैलीपेड लोहियाहेड में जनप्रतिनिधियों व जनता ने मुलाकात कर जन समस्याएं सुनी।मुख्यमंत्री ने अपने आवास व हैलीपेड में जनता से मुलाकात की व उनकी समस्याएं सुनी तथा समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।इस अवसर पर अध्यक्ष नगर



पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री, फरजाना बेगम ,जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, वीसी जयकिशन, सीडीओ दिवेश शाशनी,अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि,जनता उपस्थित थे।

# हादसे में घायल श्रमिक ने दम तोड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले माह सिडकुल क्षेत्र में मोटरसाईकिल की टक्कर से घायल हुए सिडकुल कर्मी श्रमिक ने गुरूवार की सायं एक निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जिससे दो बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम बड्डुवा पुरवा थाना पलिया पंचशाला हरदोई निवासी 52 वर्षीय प्रेमशंकर पुत्र गया प्रसाद यहां कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प में अपनी दो पुत्रियों के साथ रहकर सिडकुल की एक कम्पनी में काम करता था। बताया जाता है कि 26 अक्टूबर को जब प्रेमशंकर कम्पनी से काम कर सिडकुल में पैदल घर वापस लौट रहा था मार्ग में तेज गति से जाती मोटरसाईकिल के चालक ने उसे टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्रेमशकर को पहले उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां से उसे रैफर करने के बाद नगर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। परिजनों ने बताया कि गुरूवार की सायं प्रेमशंकर ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# किच्छा एवं पुलभट्टा क्षेत्र में पुलिस बल ने किया फ्लैग मार्च

किच्छा(उद संवाददाता)। राजधानी दिल्ली में हुए आतंकी हमले के क्रम में सुरक्षा के दृष्टिगत पुलभट्टा थाना एवं किच्छा कोतवाली पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कोतवाली एवं थाना अंतर्गत क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। प्रदेश के पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र नैनीताल द्वारा सभी थाना प्रभारियों को दिल्ली लाल किले के पास कार में हुए विस्फोट की घटित घटना के क्रम में सतर्कता बरतने हेतु फ्लैग मार्च कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में पुलभट्टा थाना एवं किच्छा कोतवाली पुलिस के अलावा पीएसी की संयुक्त टीम द्वारा किया गया फ्लैग मार्च कोतवाली से प्रारंभ हुआ। इस दौरान पुलिस एवं पीएसी बल का फ्लैग मार्च नगर के मुख्य बाजार, कुरैशी मोहल्ला, रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, वार्ड



नंबर 17, 18, 19 एवं 20, सिरौली कला सहित तमाम आबादी क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर सघन चेकिंग करते हुए कोतवाली पहुंचकर समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल द्वारा कई सार्वजनिक स्थानों पर संदिग्ध अवस्था में खड़े दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की तलाशी ली गई और जनता को जागरुक करते हुए लावारिस अवस्था में खड़े वाहनों एवं अपनी गली मोहल्ले में आसामाजिक व्यक्तियों की आवाजाही संदिग्ध पाए जाने पर तुरंत पुलिस को गोपनीय सूचना देने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जागरूकता के माध्यम से किसी भी घटना को घटित होने से समय पर रोका जा सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक रहकर अपनी जिम्मेदारी समझते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। मौके पर पुलभट्टा थाना अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रकाश सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, उप निरीक्षक मनोज कुमार, उप निरीक्षक जगदीश सिंह, चौकी प्रभारी ओम प्रकाश नेगी, चौकी प्रभारी बसंत कुमार आदि मौजूद रहे।

# कृष्ण गुप्ता के निधन पर शिव सैनिकों ने जताया शोक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शिव सेना जिला उपाध्यक्ष राधे गुप्ता के पुत्र कृष्ण गुप्ता का एक दुर्घटना में निधन हो जाने से जिससे शिव सैनिकों में शोक की लहर दौड़ गई। रेलवे बाजार स्थित शिव सेना कार्यालय में शिवसैनिकों ने दिवगंत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें दो मिनट का मौन रख शोक व्यक्त कर शिव सैनिकों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की, ईश्वर मृतक के परिजनों को इस दुख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर, कुमाऊं मंडल प्रमुख हेमंत भईयू, मंडल सचिव पदम पाल, जिला अध्यक्ष त्रिलोक सिंह, नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, संघठन मंत्री अशोक सिंधी, नगर उपाध्यक्ष प्रमोद आर्या, नगर सचिव पुरुषोत्तम सिंह, मीडिया प्रभारी अभिषेक कश्यप, भीमताल विधानसभा प्रभारी मुकेश बिष्ट, नगर सचिव पूरन सागर, खेमराज साहू, मनोज गुप्ता, पवन नागर, मनोज, प्रचार सचिव आयुष वार्ष्णेय, सचिन अग्रवाल, सरिता पांडे, दीपक राजपूत, सागर कश्यप, शुभम कुमार, सूरज आर्या, गुरुवंश आहूजा सहित अन्य शिव सैनिक मौजूद थे।


## सूचना

सूचित किया जाता है कि हमारे विद्यालय से वर्ष 2022 में 10वीं और 2024 में 12वी की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुकी छात्रा शायज़ा रिजवी का नाम त्रुटिवश शैक्षिक प्रमाण पत्रों में SHAIZA RIZVI और पिता का नाम गलत नाम MOHD AZAM अंकित हो गया था। जबकि सही नाम SHAIZA RAZVI (शायज़ा रिजवी) और पिता का सही नाम मो0 आजम (Moh. Ajam) है। अत: शायज़ा रिजवी को उसके सही नाम से ही सम्बोधित किया जाये।

Fr. Alexander Monteiro
Principal
St Peter's Sch Kishanpur
Udham Singh Nagar


# बच्चे भविष्य नहीं, वर्तमान की सबसे जीवंत आशा हैं

हर साल 14 नवंबर को हम "बाल दिवस" मनाते हैं। लेकिन यह दिन सिर्फ बच्चों के लिए प्रतियोगिता, मिठाई या भाषण का दिन नहीं है। असल अर्थ में यह दिन हमें बच्चों की उस अद्भुत शक्ति को पहचानने की याद दिलाता है, जो समाज को भीतर से बदलने की क्षमता रखती है। महर्षि अरविंद ने बच्चों को "दैवी चेतना का वाहक" कहा है। उनका मानना था कि प्रत्येक बालक के भीतर एक उज्ज्वल चेतना छिपी है, जो सही वातावरण मिलने पर स्वत: प्रकट होती है। वे शिक्षा को केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि आत्मा के विकास की यात्रा मानते थे। उनका स्पष्ट कहना था "शिक्षा का उद्देश्य केवल मन को प्रशिक्षित करना नहीं, बल्कि सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना है।" हमारे सरकारी और ग्रामीण स्कूलों में ऐसे असंख्य उदाहरण हैं, जहाँ बच्चों की सहज जिज्ञासा किसी भी पाठ्यपुस्तक से गहरी होती है। एक बच्चा पूछता है, "मैडम, चिड़िया पेड़ पर घर क्यों बनाती है, बिजली के खंभे पर क्यों नहीं?" यह प्रश्न केवल पर्यावरण अध्ययन का नहीं है–यह सोचने, तर्क करने और जीवन को समझने की प्रक्रिया का हिस्सा है। महर्षि अरविंद ऐसे प्रश्नों को शिक्षा का सबसे ऊँचा स्तर मानते थे जहाँ ज्ञान बाहर से नहीं आता, बल्कि भीतर से फूटता है। आज जब शिक्षा व्यवस्था अक्सर अंकों और परीक्षाओं में उलझी दिखती है, बाल दिवस हमें याद दिलाता है कि बच्चे कोई "अधूरे मनुष्य" नहीं हैं जिन्हें हमें भरना है। वे स्वयं संपूर्ण हैंख़्बस उन्हें सुनने, सोचने और सपने देखने की जगह चाहिए। महर्षि अरविंद का यह विचार आज भी अत्यंत प्रासंगिक है कि शिक्षक का काम बच्चे को गढ़ना नहीं, उसकी आत्मा को जगाना है। जैसे माली पौधे को नहीं खींचता, बस उसे प्रकाश की दिशा में बढ़ने का अवसर देता है। हर बच्चा अपने भीतर एक नए युग की संभावना लिए चलता है। बाल दिवस तभी सार्थक होगा जब हम इस संभावना को पहचानें और शिक्षा को प्रेम, सम्मान और स्वतंत्रता की भूमि पर खड़ा करें। महर्षि अरविंद के शब्दों में–"हम बच्चे को सिखाने नहीं, उसकी आत्मा को जागृत करने आते हैं।" यह पंक्ति आज भी हमें याद दिलाती है कि शिक्षा का भविष्य बच्चों के भीतर नहीं, बच्चों के माध्यम से जगमगाता है।

**अनानास कुमार उर्फ अन्ना भाई**

# उत्कृष्ट सेवा के लिए एसआई कृष्ण चंद्र को मिलेगा केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जनपद के कोतवाली काशीपुर में तैनात उपनिरीक्षक कृष्ण चंद्र आर्य को उत्कृष्ट अन्वेषण एवं विवेचनात्मक दक्षता के लिए भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा "केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक" से सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें वर्ष 2021 में नानकमत्ता में हुए चर्चित चौहरे हत्याकांड का खुलासा करने और दोषियों को न्यायालय से आजीवन कारावास की सजा दिलाने के लिए प्रदान किया जा रहा है। नानकमत्ता क्षेत्र में 29 दिसंबर 2021 को एक ही परिवार के चार लोगोंख्रअजय रस्तोगी उर्फ अंकित रस्तोगी, उदित रस्तोगी, आशा देवी और सन्नो देवीख्रकी धारदार हथियारों से निर्मम हत्या कर दी गई थी। यह वारदात जनपद की सबसे जघन्य घटनाओं में से एक थी। उस समय थानाध्यक्ष नानकमत्ता के रूप में कार्यरत कृष्ण चंद्र आर्य ने घटना के तुरंत बाद स्वयं विवेचना संभाली और बारीकी से जुटाए गए सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों तथा मानवीय खुफिया नेटवर्क की मदद से इस जटिल मामले को सुलझा दिया। जांच के आधार पर मुख्य आरोपी रानू रस्तोगी सहित उसके सहयोगी विवेक



वर्मा, मुकेश शर्मा उर्फ राहुल और सचिन सक्सेना को पुलिस ने क्रमवार गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से नकदी, सर्जिकल ब्लेड, खून से सनी जींस, एक वैगनार कार और लोहे की रॉड बरामद की गई। मजबूत साक्ष्यों के आधार पर चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत की गई, जिसके बाद 20 मई 2025 को अदालत ने सभी अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इस मामले में दोषसिद्धि भारतीय दंड संहिता की धारा 302/34 के तहत आजीवन कारावास और जुर्माना, धारा 394 के तहत सात वर्ष का कठोर कारावास तथा धारा 201 के तहत तीन वर्ष का कठोर कारावास सहित जुर्माने के रूप में हुई। उपनिरीक्षक आर्य की इस उत्कृष्ट विवेचना ने न केवल ऊधमसिंहनगर पुलिस की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाई दी है, बल्कि यह जांच कार्य देशभर की पुलिस एजेंसियों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण भी बना है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है बल्कि संपूर्ण ऊधमसिंहनगर पुलिस के लिए गर्व का विषय है। ऐसी विवेचनात्मक दक्षता से पुलिस विभाग की पेशेवर क्षमता और अधिक सुदृढ़ होती है।

# श्री राधा कृष्ण रासलीला पूजन धूमधाम से सम्पन्न

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। ग्राम मोहनपुर नंबर एक में श्री श्री राधा गोविन्द ज्योति रासलीला कमेटी द्वारा आयोजित भगवान श्री राधा कृष्ण रासलीला पूजन का समापन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने समारोह का शुभारंभ फीता काटकर और पूजा-अर्चना कर किया। इसके बाद स्थानीय कीर्तन मंडली ने पदावली कीर्तन प्रस्तुत किया, जिसने पूरे कार्यक्रम में भक्तिपूर्ण माहौल बना दिया। रात्रि भर चलने वाले धार्मिक आयोजन ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से परिपूर्ण कर दिया। समारोह में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने में मदद मिलती है। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि रासलीला जैसी परंपराओं को जीवित रखना हमारे समाज के लिए गर्व की बात है। भगवान श्री राधा कृष्ण की रासलीला का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को बढ़ावा देता है, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को भी जीवंत बनाए रखता है। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में कमेटी के अध्यक्ष कलाचंद सिकदार, उपाध्यक्ष मुकेश बाला, सचिव कन्हाई चन्द्र पाल, समीर सिकदार, सुशांत सरकार, सोनू सरकार, अशोक विश्वास, शिवपद मंडल, परितोष हाल्दार, अजीत विश्वास, मानिक आील, जुगेश सरकार,



निताई चन्द्र पाल, सदानंद सिकदार, अजीत सिकदार, राजेश बाला, तिलक विश्वास, मनोज मंडल, अजीत मंडल, प्रवीन बाला, सुमंत सिकदार, आकाश बठला, आनन्द शर्मा, केरू मंडल सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

# नवजात बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए किया जागरूक

किच्छा( उद संवाददाता)। इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल डेवलपमेंट (आईएसडी) संस्था द्वारा बाल विकास विभाग उधम सिंह नगर एवं टाटा मोटर्स के सहयोग से कुपोषित एवं अति कुपोषित 150 बच्चों को पोषण किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामुदायिक विज्ञान विभाग पंतनगर की प्रोफेसर डॉ अर्चना कुशवाहा, बाल विकास परियोजना अधिकारी हेमा कांडपाल, टाटा मोटर्स के डीजीएम प्रदीप सांगवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर प्रोफेसर डॉ अर्चना कुशवाहा ने कहा कि बच्चों के लिए खिचड़ी सबसे सरल और पौष्टिक आहार है, जिसमें चावल, दाल, सब्जियों को एक साथ पकाकर उसमें कम मात्रा में घी या तेल डालकर बच्चों को खिलाने से कम समय में संतुलित आहार बच्चों को प्राप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि बाजार में बिकने वाले महंगे संपूरक आहार से कहीं अधिक पौष्टिक घर का बना ताजा भोजन है, जो बच्चों को शारीरिक व बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बाल विकास परियोजना अधिकारी हेमा कांडपाल ने बताया कि छह माह तक केवल स्तनपान बच्चों को कुपोषण से बचाता है, इसलिए मां का दूध नवजात बच्चों के लिए अमृत के समान है। परियोजना निदेशक बिंदुवासिनि ने बताया कि पोषण किट के माध्यम से बच्चों को डेढ़ लीटर का एक कुकर, खिचड़ी, किशमिश और एंटीसेप्टिक साबुन दिया जा रहा है। बताया कि अधिकतर लोग बच्चों का पहला भोजन बिस्कुट, चाय व फैन इत्यादि से प्रारंभ करते हैं जिससे बच्चे का पेट तो भर जाता है लेकिन आवश्यकता पूर्ण पोषण नहीं मिल पाता है, इसलिए आवश्यक है कि बच्चों के आहार की शुरुआत एक संतुलित एवं पौष्टिक आहार से की जाए। उन्होंने बताया कि बच्चे की आवश्यकता अनुसार दलिया, खिचड़ी, खीर इत्यादि बहुत कम समय और ऊर्जा में बनकर तैयार हो जाती है तथा एन.एफ.एच. एस- 5 के सर्वे के आंकड़ों के अनुसार 5 वर्ष से कम उम्र के 22 प्रतिशत बच्चे कम वजन तथा 26 प्रतिशत बच्चे छोटे कद के हैं तथा 6 माह से 23 माह के स्तनपान करने वाले दो प्रतिशत एवं स्तनपान नहीं करने वाले 9.7 प्रतिशत बच्चों को ही पर्याप्त मात्रा में भोजन मिल पाता है। कार्यक्रम में दीपक जैन, अनिल वत्स, नेहा, अभिषेक त्रिपाठी, प्रतिभा, हेमलता, सोनू, नीरज कुमार, रविंद्र कुमार, संगीता बिंद्रा सहित 70 केंद्रों से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधानसभा निर्वाचन नामावली के विशेष गहन निरीक्षण के लिए बीएलओ प्रशिक्षण आयोजित

नैनीताल( उद संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड और जिला निर्वाचन अधिकारी नैनीताल के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन नामावली के विशेष गहन निरीक्षण (एस.आई.आर.) की तैयारी हेतु विधानसभा क्षेत्र-58 नैनीताल में बुधवार को जिला कार्यालय सभागार में ब्लॉक लेवल अधिकारियों (बी.एल.ओ.) का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जिला स्तरीय प्रशिक्षण अधिकारी (डी.एम.एल.टी.) राजेंद्र पांडे द्वारा किया गया, जिन्होंने बी.एल.ओ. को इस महत्वपूर्ण कार्य को समयबद्ध और जिम्मेदारी के साथ संपन्न करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन कार्यालय नैनीताल के



प्रशासनिक अधिकारी नीरज शाह ने ऑनलाइन माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी हंसा दत्त पांडे ने भी अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों को सावधानीपूर्वक कार्य संपन्न करने की सलाह दी। इस अवसर पर बीएलओ सुपरवाइजर ललित मोहन जोशी, आशा सक्सैना, मोहित कुमार, फहीम, उमेश सुरारी, दिनेश बिष्ट, सुनीता जोशी, भगवंत बिष्ट, हेमंत दरमवाल, राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पत्रकार हमले के विरोध में मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

किच्छा( उद संवाददाता)। हल्द्वानी के पत्रकार दीपक अधिकारी पर हुए हमले की घटना ने मीडिया जगत में आक्रोश पैदा कर दिया है। शुक्रवार को किच्छा के विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों ने तहसील परिसर में एकत्र होकर इस घटना की कड़ी निंदा की। पत्रकारों ने तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी के माध्यम से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में पत्रकारों ने कहा कि हल्द्वानी में समाचार संकलन के दौरान पत्रकार दीपक अधिकारी पर असामाजिक तत्वों द्वारा हमला लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा प्रहार है। पत्रकारों ने आरोप लगाया कि प्रदेश में लगातार पत्रकारों पर हमलों की



घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे पत्रकार समुदाय में भय का माहौल बन गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि इस मामले में शामिल अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।पत्रकारों ने यह भी मांग उठाई कि घायल पत्रकार दीपक अधिकारी को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।साथ ही प्रदेशभर में कार्यरत पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस नीति बनाने की जरूरत पर बल दिया।पत्रकारों ने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज बनकर कार्य करते हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में स्थानीय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल मीडिया से जुड़े कई पत्रकार मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो आगामी दिनों में आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से पत्रकार एडवोकेट मोहम्मद यासीन, वेद प्रकाश सुनील गुप्ता अब्दुल अली तन्हा कैलाश पंडित रणजीत सिंह मनकिया विकास दावड़ा, मनीष सिडाना, नवल किशोर विशाल शर्मा , यशवंत कुमार सुमित बाबा आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**बिहार में लहराया ...**नजर आ रहा है। सूबे की 243 सीटों में एनडीए को 199 से ज्यादा सीटें मिल रही हैं, जबकि महागठबंधन 40 से कम सीटों पर सिमटता दिख रहा है। इसके साथ ही जेडीयू को सीटें भाजपा से अधिक मिलती दिखाई दे रही हैं। चुनावी रुझानों में छपरा सीट से भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव पिछड़ते दिख रहे हैं, जबकि अलीनगर सीट से भाजपा में शामिल हुईं गायिका मैथिली ठाकुर आगे हैं। महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे तेजस्वी यादव दोपहर तक महज 893 वोटों की बढ़त पर चल रहे थे। दूसरी ओर तेज प्रताप यादव महुआ सीट से पीछे चल रहे थे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समर्थक पटना स्थित जेडीयू कार्यालय के बाहर जश्न मनाते नजर आए। एग्जिट पोल में महिलाओं, ओबीसी और ईबीसी वर्ग के मजबूत समर्थन की संभावना एनडीए के पक्ष में जताई गई थी। अब चुनावी नतीजे तय करेंगे कि सत्ता नीतीश कुमार के पास बनी रहती है या तेजस्वी यादव बिहार के भविष्य की नई कहानी लिखते हैं। राज्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय की जानकारी के अनुसार, राज्य के सभी 38 जिलों में बनाए गए 46 मतगणना केंद्रों पर सुबह आठ बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू हुई। प्रत्येक केंद्र पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। 243 मतगणना पर्यवेक्षकों और उम्मीदवारों या उनके एजेंटों की उपस्थिति में 243 रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मतगणना की जा रही है। प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक और माइक्रो-ऑब्जर्वर के साथ कुल 4,372 मतगणना टेबल स्थापित किए गए हैं। बिहार की सियासी लड़ाई में अब यह तय होना बाकी है कि किसका कब्जा इस बार सत्ता के किले पर होगा, लेकिन शुरुआती रुझान एनडीए के पक्ष में पूरी तरह स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं।

**फैक्टी श्रमिक...**सुबह छह बजे ड्यूटी समाप्त कर घर लौट गया था। बाद में पता चला कि हरिशंकर का शव फैक्ट्री के भीतर पड़ा था। इसे देखकर परिवारजनों ने हंगामा किया और श्रमिकों ने प्रबंधन के रवैये पर नाराजगी जताई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। इस दौरान परिवारजन और श्रमिक प्रबंधन की कथित लापरवाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**कहीं पुचकार तो ...**बंगाली परिवार खून के आंसू रोते हुए आंदोलन करने को मजबूर थे। ज्ञात हो कि सितारगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शक्ति फार्म इलाके के प्रहलाद पलसिया गांव में सैकड़ो बंगाली परिवार पिछले 45 वर्षों से रहते चले आ रहे हैं। उनके पास तमाम सरकारी दस्तावेज मौजूद है तथा उनके गांव में घर घर बिजली के मीटर लगाए जाने के साथ ही उत्तराखंड शासन के जल जीवन मिशन के अंतर्गत एक वॉटर टैंक भी स्थापित किया गया है। पीड़ित बंगाली समाज के लोगों का आरोप है कि पार्क के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा यह रिपोर्ट तैयार करके शासन को भेज दी गई है कि उपरोक्त इलाके में ना तो कोई परिवार निवास करता है और ना ही इस इलाके में कोई कृषि भूमि है। खास बात तो यह है कि बीते रोज ही कैबिनेट मिनिस्टर एवं सितारगंज विधायक सौरव बहुगुणा का जन्म दिवस था और उनके जन्म दिवस पर बंगाली समाज, जो कि आमतौर पर भारतीय जनता को पार्टी का वोटर माना जाता है, उत्पीड़न का शिकार हो रहा था। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा के दावे पर बंगाली समाज कैसे भरोसा कर ले ? क्योंकि एक तरफ तो रुद्रपुर विधायक भारतीय जनता पार्टी द्वारा बंगाली समाज के हित में बड़े-बड़े काम करने के दावे कर रहे हैं, दूसरी तरफ उत्तराखंड की भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में समुचित विस्थापन की व्यवस्था किए बिना ही सैकड़ो बंगाली परिवारों उनके घरों से बेदखल करने की कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

**प्रशासन ने की ..**आयुक्त राजू नबियाल भारी फोर्स के साथ खेड़ा स्थित ईदगाह पहुंचे। टीम ने यहां पर धार्मिक स्थल की नाप जोख की। मौके पर ईदगाह के अलावा मस्जिद, मदरसा, कब्रिस्तान, मजार और एक टीन शेड का निर्माण पाया गया और कुछ भूमि खाली पड़ी है जिसकी प्रशासन ने नाप जोख की। इसके बाद प्रशासन की टीम ने रेशमबाड़ी के पास स्थित चामुण्डा मंदिर परिसर की भी नाप जोख की। इस दौरान एडीएम ने कहा कि अवैध कब्जे की शिकायत पर सीमांकन की कार्रवाई की गयी है। उन्होनें कहा कि सरकारी रिकार्ड के अनुसार इन धार्मिक स्थलों के आस पास पूर्व में तालाब होने की जानकारी मिली है, जिसकी तलाश के लिए धार्मिक स्थलों की नाप जोख की जा रही है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल के लिए जो भूमि कागजों में दर्ज है उसके अलावा जितनी भी भूमि पर अवैध कब्जा पाया जायेगा उसे सरकार के कब्जे में लिया जायेगा। अचानक हुई प्रशासन की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कम्प मचा रहा।

**कैबिनेट मंत्री...**पाल सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उत्तम आचार्य, नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, अमित सरकार और विनय विश्वास मौके पर टीम का घेराव करते हुए कड़ा विरोध जताया। नेताओं ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने उच्च दबाव में रिपोर्ट तैयार की है, जबकि इस भूमि पर 35 साल से कई परिवार बसे हैं और वे खेती-बाड़ी कर अपने परिवारों का पालन-पोषण कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि विस्थापितों को बसाए बिना किसी भी परिवार को उजाड़ना अमानवीय है। चेतावनी दी कि यदि प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की ठोस व्यवस्था नहीं की गई तो अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। फिलहाल धरना स्थल पर आंदोलन जारी है। आम आदमी पार्टी के दिनेशपुर जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी भी प्रदर्शनकारियों के समर्थन में पहुंच गए,नारायण पाल भी गुरुवार शाम मौके पर पहुँचे थे।

**रात को सोया...**दिया। सूचना मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई और वहां लोगों की भीड़ उमड़ गई। मामले की सूचना मिलने पर उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह व कांस्टेबल हरीश रावत मौके पर पहुंचे और उन्होंने लोगों से जानकारी ली तथा शव को नाले से निकालकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त रम्पुरा वार्ड 23 निवासी 65 वर्षीय झम्मनलाल पुत्र मानसिंह के रूप में की गई। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों का कहना था कि मृतक झम्मनलाल ने वर्षों पूर्व अपनी सारी सम्पत्ति बेच दी थी और अविवाहित रहकर बिना घर बार के इधर उधर घूमते रहते थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# धाकड़ ही नहीं, दरियादिल भी हैं सीएम धामी

## जिस जरूरतमंद ने पुकारा, उसको बुला लिया अपने पास

-नरेश जोशी-

टनकपुर। 'अरे सुनिए जरा डीएम साहब, इस अम्मा का काम पूरी ईमानदारी के साथ होना चाहिए मुझे इस मामले में दोबारा ना कहना पड़े, यह कहना था चंपावत के विधायक और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का। चंपावत विधानसभा के टनकपुर में सहकारिता विभाग द्वारा सहकारिता मेले का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहुंचे थे। सहकारिता मेले में टनकपुर शहर व उसके आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण भारी संख्या में मौजूद थे। जैसे ही सीएम धामी ने कार्यक्रम स्थल पर अपना कदम रखा तो वहां जय,जयकारों की गूंज होने लगी अपने पुराने अंदाज में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सुरक्षा घेरे को तोड़कर सीधे जनता से मिलने पहुंच गए तभी मुख्यमंत्री धामी ने देखा कि महिलाओं के बीच एक बुजुर्ग महिला कुर्सी ना मिलने पर नीचे जमीन पर बैठी है। मुख्यमंत्री धामी उस बुजुर्ग महिला के पास रुके और उससे आशीर्वाद लेकर कुमाऊनी अंदाज में उससे बातचीत की जिसके बाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आम जनता को कहा कि उनका मकसद चंपावत जनपद को आदर्श जनपद



बनाना है जिस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत विधानसभा के अंतर्गत चल रहे तमाम विकास कार्यों से जनता को अवगत कराया कार्यक्रम के समापन के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंच से नीचे उतरकर पत्रकारों से वार्ता की। जिसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच सीएम धामी अपने वाहन में बैठने लगे, इसी बीच भीड़ में मौजूद एक महिला ने उन्हें जोर से आवाज लगाई वह महिला रो रही थी जिस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुरक्षा कर्मियों से उन्हें आने देने को कहा और बड़ी शालीनता के साथ सीएम ने उसे महिला का हाथ पकड़ कर उसकी समस्या को सुना वह महिला आर्थिक सहायता के मामले में मुख्यमंत्री से गुहार लगा रही थी, जिस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तुरंत डीएम को आगे आने के आदेश दिए सीएम धामी ने जिलाधिकारी चंपावत से कहा कि इस मामले में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही ना बरती जाए, पूरी ईमानदारी के साथ इनका काम किया जाए, और मुझे इस मामले में दोबारा ना कहना पड़े। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जहां एक और बेहद शालीनता के साथ उस जरूरतमंद महिला की परेशानी को सुना तो वहीं दूसरी ओर बड़े ही सख्त लहजे में डीएम को आवश्यक निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के इस अनूठे अंदाज पर जहां अधिकारी बेहद सहमे नजर आए तो वहीं मौजूद जनता उनकी तारीफ करती देखी गई।






## शादी का झांसा देकर युवक ने युवती के हड़प लिए साढ़े 4 लाख

किच्छा(उद संवाददाता)। युवक द्वारा खुद को अविवाहित बताते हुए युवती को शादी का झांसा देकर पीड़ित के साढे चार लाख रुपए हड़प लिए। युवक के विवाहित होने की जानकारी पर जब पीड़िता ने बैंक के माध्यम से दिए गए पैसे वापस करने की मांग की तो आरोपी ने पीड़िता से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और पीड़िता का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में बलवंत कॉलोनी, किच्छा निवासी जगजीत कौर पुत्री महेंद्र सिंह ने बताया कि मूल रूप से ग्राम चंदेनी चरखी, दादरी, हरियाणा तथा वर्तमान में गोल्डन होम्स आशियाना कॉलोनी, डेराबस्सी निवासी कश्मीर सांगवान उर्फ केशव पुत्र भगवान सिंह सांगवान ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर दोस्ती की और मजबूरी बताकर पीड़िता से पैसे की मांग की। पीड़िता के अनुसार आरोपी पर भरोसा कर उसने यूपीआई के माध्यम से अपने बैंक खाते से 4 लाख 50 हजार रुपए की धनराशि कश्मीर उर्फ केशव के खाते में ट्रांसफर कर दी। बताया कि इस बीच उसे ज्ञात हुआ कि आरोपी केशव विवाहित है और घर से भागा हुआ है एवं आरोपी द्वारा झूठ बोलकर कई लड़कियों के साथ धोखाधड़ी की गई है। पीड़िता ने बताया कि जब उसके द्वारा आरोपी से अपने दिए हुए पैसे वापस मांगे गए तो आरोपी ने टालमटोल शुरू कर दी तथा बार-बार पैसे मांगने पर आरोपी ने पीड़िता से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और पैसे देने से साफ इनकार कर दिया। पीड़िता ने बताया है कि आरोपी द्वारा अपना फोन बंद कर पीड़िता के नंबर को ब्लॉक कर दिया गया है।

## संदीप चीमा के बयान का कांग्रेसियों ने किया विरोध

किच्छा(उद संवाददाता)। संदीप चीमा द्वारा किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ पर की गई टिप्पणी से बौखला कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर भड़ास निकाली । पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप चीमा द्वारा किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के खिलाफ की गई बयान बाजी को लेकर पूर्व पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने कहा कि बेहड़ द्वारा जनपद उधम सिंह नगर में मृत प्राय कांग्रेस को संजीवनी दी ऐसे में उनके खिलाफ अनर्गल टिप्पणी करना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा जिस प्रकार तिलकराज विरोधियों को संगठन दे दिया है उससे जनपद में कांग्रेस कमजोर होने की स्थिति में है। ऐसी स्थिति में कांग्रेस विधायक पर टिप्पणी करना कांग्रेस को और कमजोर कर रहा है। उन्होंने संदीप चीमा पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें एक कद्दावर नेता के प्रति अनर्गल टिप्पणी करने से बचना चाहिए।कहा कि पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष को अपने बयानों पर लगाम लगानी चाहिए। वरिष्ठ कांग्रेसी



कार्यकर्ता राजेश प्रताप सिंह ने कहा कि कुछ लोग जनपद में कांग्रेस को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं तथा कांग्रेस को मजबूत करने वाले कार्यकर्ताओं को किनारे करने का प्रयास कर रहे हैं । कुछ लोग पार्टी विरोधी गतिविधियों में चलकर कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं । वरिष्ठ कांग्रेसी गुलशन सिंधी महिला कांग्रेस नेत्री सुनीता कश्यप ओमप्रकाश पप्पू ने भी संदीप सीमा के बयान की कड़े शब्दों में निंदा की । नए जिलाध्यक्ष की घोषणा पर भी नगर कांग्रेस कार्यकर्ता असहज महसूस होते दिखाई दिए। एक स्वर में कहा कि जिला अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर हालांकि छींटा कसी की जा रही है किंतु इसको मैनेज कर लिया जाएगा।नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कार्यकर्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय कांग्रेस और देहरादून पीसीसी ने जिले के कार्यकर्ताओं की राय को दरकिनार कर मनमाने ढंग से अध्यक्ष नियुक्त किया है। किच्छा कांग्रेस इसका विरोध करती है। नेताओं ने कहा कि संदीप चीमा द्वारा पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलकराज बेहड़ पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। कांग्रेस नेता दर्शन कोली ने कहा कि चीमा का बयान अनुचित है और उन्हें इस तरह की बातें सार्वजनिक रूप से नहीं करनी चाहिए थीं। इस मौके पर लियाकत अली, गुलशन सिंधी राजेश प्रताप, रामबाबू, दर्शन कोली, सुनीता कश्यप, गुरदास कला, मेजर सिंह, गुड्डू तिवारी, कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भारत को जानो प्रश्नमंच में आर.ए.एन. स्कूल का जलवा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बृहस्पतिवार को आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल, भूरारानी, रुद्रपुर में भारत विकास परिषद शहीद ऊधम सिंह शाखा, रुद्रपुर द्वारा "भारत को जानो प्रश्नमंच प्रतियोगिता" का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोरा, प्रांतीय संयोजक नेत्रदान संजय राधू, प्रांतीय संयोजक पर्यावरण विष्णु सक्सेना तथा पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जूनियर वर्ग में सात टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें प्रथम स्थान टेंडर सोल्स स्कूल, द्वितीय स्थान आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल तथा तृतीय स्थान नेशनल पब्लिक स्कूल ने प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में पाँच




टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल तथा तृतीय स्थान डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल को मिला। नरेंद्र अरोरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में राष्ट्रभावना और भारतीय संस्कृति के प्रति गर्व की भावना को प्रबल करती हैं। परिषद की ओर से अध्यक्ष विनय बंसल, सचिव निखिल कालरा, कोषाध्यक्ष डॉ. सुरेश छाबड़ा, रवि सिडाना, संचित नारंग, नितिन भल्ला, पंकज मित्तल, अमित घई, नितिन खंडेलवाल, रमन अरोरा, अमित जिंदल, राजेंद्र गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, सुनील ठुकराल, अजय चड्ढा, शिखा हुड़िया, पूजा मित्तल, सपना मित्तल, विन्शू घई, निशा बंसल, शिखा अरोरा और स्नेह जिंदल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आर.ए.एन. स्कूल के निदेशक मोहित राय तथा प्रधानाचार्या भावना भनोट का विशेष सहयोग रहा। विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम की सफलता में योगदान दिया।